दिन—बुधवार दिनांक— 18/09/2024

आकाशवाणी, पटना
प्रसारणः— शाम 7.30 बजे

मुख्य समाचार.......

01. केन्द्र सरकार ने एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को स्वीकार किया। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराये जाने को मिली मंजूरी।

02. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरूआत की।

03. दिल्ली की अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों को जमीन के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में सम्मन जारी किया।

04. और, बक्सर, सारण, सहित कई जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति हुई गम्भीर। बेगूसराय, वैशाली और पटना जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों को बंद किया गया।

...............

एक देश एक चुनाव

केन्द्र सरकार ने एक देश एक चुनाव के परामर्श को स्वीकार कर लिया है। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाली उच्च स्तरीय समिति के सुझावों को स्वीकृति दे दी है। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह दो चरणों में लागू किया जायेगा। श्री वैष्णव ने कहा कि समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पहले चरण में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराये जायेंगे जबकि पंचायत और नगर पालिकाओं के चुनाव आम चुनाव के सौ दिनों के भीतर कराने का प्रस्ताव है।

कैबिनेट–चन्द्रयान–4

केन्दीय कैबिनेट ने चंद्रयान–चार अभियान को भी मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया है कि इससे कई लाभ होंगे, जिनमें भारत को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में और भी अधिक आत्मनिर्भर बनाना, नवाचार को बढ़ावा देना और शिक्षा जगत

को समर्थन देना शामिल है। श्री मोदी ने कहा कि यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन शुरू करने के दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

एनपीएस वात्सल्य योजना

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरूआत की। इस बचत योजना के तहत अठारह वर्ष तक के बच्चों के नाम पर बैंक खाते खोले जायेंगे। इन खातों का संचालन उनके अभिभावक करेंगे। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि यह योजना बच्चों का भविष्य सुनिश्चित करने में मददगार होगी। इस अवसर पर वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि एनपीएस का विस्तार तेजी से हो रहा है और बच्चों के लिए इस योजना की शुरूआत एक बड़ा कदम है।

इधर, देशभर के कई स्थानों पर वीडियो कांफ्रेंस के जरिये बच्चे और उनके अभिभावक इस कार्यक्रम से जुड़े। पटना में यह कार्यक्रम स्टेट बैंक और पेंशन विनियामक विकास प्राधिकरण, पीएफआरडी द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह योजना छोटी–छोटी बचत करने वालों के लिए सुनहरा अवसर है।

एनपीएस वात्सल्य योजना–2

वहीं, कार्यक्रम के दौरान चौदह बच्चों को एनपीएस वात्सल्य योजना के तहत प्राण कार्ड, यानि स्थायी खाता संख्या दिया गया। अभिभावकों ने इस योजना की शुरूआत करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रति आभार जताया है।

अदालत–लालू सम्मन

दिल्ली की राउज एवन्यू अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके दोनों बेटे तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव तथा अन्य लोगों के खिलाफ समन जारी किया है। सभी आरोपियों को सात अक्टूबर तक अदालत में हाजिर होने के निर्देश दिए गये हैं। लालू प्रसाद के बडे बेटे तेज प्रताप यादव को पहली बार इस मामले में समन भेजा गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने मामले में छह अगस्त को अदालत में अंतिम रिपोर्ट दाखिल की थी। जिसमें कहा गया है कि लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे के पश्चिम–मध्य मंडल में ग्रुप–डी

की कई भर्तियों में अनियमितता बरती गयी है। आरोप है कि लालू प्रसाद ने भर्ती हुए लोगों से अपने परिवार और साथियों के नाम जमीन हस्तांतरित करवाई थी।

एफआईआर–आपराधिक कानून

भारतीय न्याय संहिता के नए आपराधिक कानूनों के अंतर्गत एक जुलाई से तीन सितम्बर तक कुल पांच लाख छप्पन हजार प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता दो हजार तेईस, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दो हजार तेईस और भारतीय साक्ष्य अधिनियम दो हजार तेईस इस वर्ष एक जुलाई से लागू हुए हैं।

जलस्तर–बाढ़

प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों और पड़ोसी राज्यों में भारी बारिश के कारण गंगा नदी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। बक्सर, सारण, पटना, बक्सर सहित कई जिलों में निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति गम्भीर हो गयी है। जिला प्रशासन ने बेगूसराय, वैशाली और पटना जिले के बाढ़

प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों को बंद कर दिया है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट, हाथीदह में लगातार खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि दियारा क्षेत्रों और निचले इलाकों के लोगों को घरबार छोड़कर पलायन करना पड़ा है।

जलस्तर–बाढ़–2

वहीं, मुंगेर में भी गंगा नदी उफान पर है। भागलपुर में गंगा नदी के किनारे बसे इलाकों में कटाव तेज हो गया है। इधर, सोन और पुनपुन नदी के जलस्तर में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है।घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में लाल निशान से करीब आधा मीटर ऊपर दर्ज किया गया जबकि जिले के गंगपुरसिसवन में  नदी का जलस्तर लाल निशान के ऊपर बना हुआ है। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में और कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा तथा कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान को पार कर गया है। इधर, नालंदा, समस्तीपुर, बक्सर, बेगूसराय के निचले इलाकों में बाढ़ के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। नालंदा जिले के करायपरशुराय और बिंद प्रखंड में सैकड़ों एकड़ में लगी फसल डूब गयी है। हिलसा और एकंगरसराय प्रखंड के भी कई गांव बाढ़ से प्रभावित हुये हैं।

करायपरशुराय और बिंद प्रखंड से गुजरने वाली सभी छोटी और बड़ी नदियां उफान पर है। बाढ़ के कारण धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है। झारखंड के तिलैया डैम से पानी छोड़े जाने के कारण ज़िले के कई हिस्से बाढ़ से प्रभावित है। जिला प्रशासन द्वारा सामुदायिक किचेन का संचालन किया जा रहा है। इधर, लोकाईन नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते हिलसा प्रखंड में लोगों को ऊंचे स्थानों पर शरण लेने का परामर्श जारी किया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए बिहारशरीफ से निरंजन कुमार।

गिरिराज सिंह

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि बेगूसराय के विभिन्न भागों में गंगा नदी में आये उफान से विकट स्थिति पैदा हो गयी है। श्री सिंह ने बाढ़ के हालात के मद्देनजर राज्य सरकार से बेगूसराय जिले को बाढ़ ग्रस्त जिला घोषित किये जाने की मांग की है।

दियारा क्षेत्र स्कूल बंद

इधर, पटना के अलावा वैशाली और बेगूसराय जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों को बंद कर दिया गया है। वैशाली जिले के राघोपुर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के बावन विद्यालयों में पठन–पाठन स्थगित कर दिया गया है। बेगूसराय के बछवाड़ा, मटिहानी, चेवाड़ा समेत विभिन्न प्रखंडों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन ने एक सौ पच्चीस विद्यालयों को चौबीस सितम्बर तक बंद करने का आदेश दिया है।

बिहार जीएसटी संग्रह

राज्य ने वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में वस्तु और सेवा कर, जीएसटी संग्रह के मामले में अठारह प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। इसके साथ ही बिहार देश के पांच शीर्ष राज्यों में शामिल हो गया है। वाणिज्य कर विभाग के राज्य कर आयुक्त सह सचिव संजय कुमार सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि बिहार ने वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में जीएसटी संग्रह के राष्ट्रीय औसत तेरह प्रतिशत को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद राज्य में निबंधित व्यवसायियों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गयी है।

मौसम

राज्य के विभिन्न भागों में मॉनसून की गतिविधि कमजोर पड़ गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों को छोड़कर अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहा। भभुआ में सबसे अधिक तीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। विभाग ने अपने पुर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों तक राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पश्चिम भागों को छोड़कर अन्य भागों में वर्षा की सम्भावना नहीं है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कैमूर जिले में तीन सौ बाईस करोड़ रूपये से अधिक की छिहत्तर योजनाओं को उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने भगवापुर में मां मुंडेश्वरी वन्य प्राणी इको पार्क और तेल्हार कुंड जलप्रपात में पर्यटकीय

सुविधाओं का लोकर्पण किया। मुख्यमंत्री ने तियरा पंप केनाल का हवाई अवलोकन भी किया।

............